भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 960

25 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अमृतसर में विशेष आयुष स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना की आवश्यकता

960. श्री गुरजीत सिंह औजला:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि अमृतसर, पाकिस्तान ज़ीरो लाइन से सटा एक महत्त्वपूर्ण सीमावर्ती जिला है और यहाँ के ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ती मांग के बावजूद यहाँ पर्याप्त आयुष स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना और आयुर्वेदिक विनिर्माण इकाइयों का अभाव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार अमृतसर और उसके आसपास उत्पादन इकाइयों, स्वास्थ्य केंद्रों और आयुर्वेदिक उद्योगों का विस्तार करने के लिए आयुष मिशन के अंतर्गत एक विशेष विकास पैकेज प्रदान करने की योजना बना रही है; और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, अमृतसर जिले सहित पंजाब राज्य में पर्याप्त आयुष स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना, स्वास्थ्य केंद्रों और आयुर्वेदिक विनिर्माण इकाइयाँ सुनिश्चित करने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। हालाँकि, आयुष मंत्रालय, पंजाब सहित देश भर में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के समग्र विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों की राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करके राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है। राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है:

i. आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) का संचालन, जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) नाम दिया गया है
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना
iii. मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन
iv. राज्य अथवा पंचायत नियंत्रण के अधीन आयुष औषधालयों का निर्माण/उन्नयन
v. 10/30/50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना
vi. राजकीय अस्पतालों और औषधालयों को जरूरी आयुष औषधियों की आपूर्ति
vii. जनसंपर्क केंद्रित आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम
viii. अल्पसेवित राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना
ix. स्नातक-पूर्व/स्नातकोत्तर सहित आयुष शैक्षणिक संस्थानों को अवसंरचनात्मक सहायता/पैरामेडिकल/फार्मेसी पाठ्यक्रमों को शामिल करना

एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, अमृतसर सहित पंजाब के विभिन्न जिलों में एसएएपी की विभिन्न अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक 6902.92 लाख रुपये की अनुदान सहायता जारी की गई है।

*****